2022/215

निवेदन है कि श्रीमान् जिला कलक्टर एवं जिला पंजीयक, श्रीगंगानगर के आदेश कमांकः-पंजी/11/2338 दिनांक 23.11.2011 द्वारा श्रीमान् जी को बन्द वसीयत प्रार्थना पत्र एवं बन्द वसीयत खुलवाने बाबत् अधिकृत किया हुआ है। जिसकी पालना में उक्त बन्द वसीयत को खोलने की कार्यवाही की जा रही है।

प्रार्थीया गुरदीप कौर पत्नी बलवीर सिंह जाति रामगढिया सिख निवासी चक 7जी छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर ने प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, वारिस सदस्य प्रमाण पत्र पत्र, आई डी प्रूफ एवं मूल रसीद पेश कर निवेदन किया है कि मेरे पति बलवीर सिंह पुत्र मेहर सिंह जाति रामगढिया सिख निवासी चक 7जी छोटी तहसील व जिला श्रीगंगानगर ने दिनांक 09.06.2022 को वसीसत कस्टडी में रखवाई थी। जिनका देहांत दिनांक 15.06.2022 को हो गया था। उनके द्वारा दिनांक 09.06.2022 को रखवाई गयी बंद वसीयत खोला जाकर निष्पादन की कार्यवाही हेतु निवेदन किया है।

प्रार्थी को गवाहान आत्मा सिंह पुत्र लाल सिंह एवं गुरचरण सिंह पुत्र मेहर सिंह ने पहचाना है। प्रार्थी एवं गवाहों की शिनाख्त अधिवक्ता श्री दयाराम छिम्पा ने की है। अतः निर्धारित शुल्क जमा कर सील्ड पैकेट बंद लिफाफा खोले जाने हेतु प्रस्तुत है।

अवलोकनार्थ एवं आदेशार्थ प्रस्तुत है। 18/7/22

जिला पंजीयक महोदय

Identified By me

(D.R Chhimpa) Adv

18/7/22